संपादकीय

पाक का खूनी खेल

बेशक सीमा सुरक्षा बल के सहायक कमांडेंट विनय प्रसाद की मौत के बाद जवाबी कार्रवाई में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाक की दो चौकियां तबाह करके तीन रेंजरों को मार गिराया, तथापि इससे पाक के मंसूबों का भान तो होता ही है। सरहद पर पाक गोलीबारी का गत दिवस शिकार हुए सीमा सुरक्षा बल के सहायक कमांडेंट की मौत अभी तक अनसुलझे दोतरफा रिश्तों की कलई खोलती है। प्रसाद पर दिनदहाड़े साइपर से उस समय गोली चलाई गई जब वह अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर गश्त कर रहे थे। उस समय दिन के 11 बजे थे। दिन की रोशनी में किसी भी तरह की गलतफहमी का भी सवाल नहीं और फिर यह तो अंतर्राष्ट्रीय सीमा थी, कोई एलओसी नहीं, जहां जिसे देखो गोली मार दो। वैसे भी साइपर से जिस तरह निर्ममता से गोलियां चलाईं, उससे साबित होता है कि सरहद पर हिंसा की वारदातों में पहले के मुकाबले इजाफा हुआ है। हालांकि, पाक के प्रधानमंत्री इमरान खान शांति मंत्र का जाप करते नहीं थकते। अभी कुछेक माह पहले करतारपुर कॉरिडोर के उद्घाटन समारोह पर सीमा पार गए एक भारतीय मंत्री के दौरे को पाक के विदेश मंत्री ने इमरान की गुगली करार दिया था।

उल्लेखनीय है कि इस समारोह में पाक सेनाध्यक्ष की मौजूदगी इस बात का संकेत थी कि सेना और नागरिक सरकार एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। दरअसल, अतीत में भी पठानकोट तथा उड़ी में हुए हमलों से तो यही लगता है कि वहां की सेना नहीं चाहती कि पाक का नेतृत्व भारत के साथ रिश्ते सुधारने की पहल करे। अब जब पाक के प्रधानमंत्री और सेना के बीच बेहतर तालमेल है तो कोशिश हो कि सीमा पर उकसाने वाली हरकतों पर रोक लगे। गत सितंबर माह में इसी इलाके में एक भारतीय जवान की विकृत लाश बरामद की गयी थी, वह भी तब जब दुबई में आयोजित भारत-पाक क्रिकेट मैच समारोह में इमरान खान शिरकत करने वाले थे। यह विश्वासघात का वैसा ही कृत्य था जैसा नवाज शरीफ के वक्त हुआ था। ऐसी एप्रोच मसले हल करने को लेकर किए जा रहे पाक के प्रयासों के बारे में शक-शुबहा पैदा करती है।

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की रैंकिंग में ब्रिटेन को पछाड़ सकता है भारत

नई दिल्ली। भारत 2019 में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की सूची में ब्रिटेन को पीछे छोड़ सकता है। वैश्विक सलाहकार कंपनी पीडब्ल्यूसी की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक ही स्तर के विकास और कमोबेश समान आबादी की वजह से इस सूची में ब्रिटेन और फ्रांस आगे पीछे होते रहते हैं। लेकिन यदि भारत इस सूची में आगे निकलता है तो उसका स्थान स्थान रहेगा।

तीव्र विकास दर से मिलेगी मदद

पीडब्ल्यूसी की वैश्विक अर्थव्यवस्था

निगरानी रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2019 में ब्रिटेन की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 1.6 प्रतिशत, फ्रांस की 1.7 प्रतिशत तथा भारत की 7.6 प्रतिशत रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और फ्रांस 2019 में ब्रिटेन को पीछे छोड़ देंगे। इससे वैश्विक रैंकिंग में ब्रिटेन पांचवें स्थान से फिसलकर सातवें पायदान पर पहुंच जाएगा। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 2017 में फ्रांस को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। जल्द भारत के ब्रिटेन को पीछे छोड़ने की उम्मीद है जो पांचवें स्थान पर है। पीडब्ल्यूसी इंडिया के भागीदार एवं लीडर (लोक वित्त तथा अर्थशास्त्र) रानेन बनर्जी ने कहा कि यदि कोई बड़ी अड़चन नहीं आती है तो 2019-20 में भारत 7.6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि की ओर लौटेगा।

माइक जैकमैन (वरिष्ठ अर्थशास्त्री, पीडब्ल्यूसी) ने कहा- भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। बड़ी आबादी, अनुकूल जनसांख्यिकीय तथा प्रति व्यक्ति जीडीपी के निचले स्तर की वजह से उसकी तेजी से पकड़ने की क्षमता भी अधिक है।

दुनिया की अर्थव्यवस्था में रहेगी इस साल सुस्ती

पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि 2019 में सुस्त रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर ने 2016 के अंत तथा 2018 के शुरू में जो रफ्तार पकड़ी थी अब वह पूरी हो चुकी है। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 2017 में भारत 2,590 अरब डॉलर के बराबर के जीडीपी के साथ दुनिया की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था। उसके फ्रांस को पीछे छोड़ा था। फ्रांस का जीडीपी 2,580 अरब डॉलर था।

26 जनवरी से पहले जियो ने ग्राहकों की डाटा लिमिट की टेंशन भी खत्म

नई दिल्ली। टेलिकॉम सेक्टर की बात करें तो Reliance Jio एकमात्र ऐसी कंपनी है, जिसने ग्राहकों को मुफ्त ने इंटरनेट, कॉलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई है। बता दें कि इससे पहले किसी टेलीकॉम कंपनी ने ऐसी सुविधा मुहैया नहीं कराया, बल्कि इसके प्लान भी काफी महंगे होते थे। इतना ही नहीं पहले आम आदमी इंटरनेट का इस्तेमाल करते डरता था कि कहीं डाटा न खत्म हो

जाए, पर अब ऐसा नहीं है। Jio ने एक बार फिर अपने धमाकेदार ऑफर से लोगों को चौंका दिया है। जियो ने अपने ग्राहकों के लिए अब Data Booster Plan पेश किया है। इस प्लान में अब ग्राहकों को डेटा लिमिट के अनुसार इंटरनेट इस्तेमाल नहीं करना होगा। अब बिना किसी फिक्र के इंटरनेट इस्तेमाल कर सकते हैं। बता दें कि Jio के इस ऑफर में 6 तक्र डाटा अनलिमिटेड वैलिडिटी के साथ मिल जाता है, इसके लिए मात्र 101 का रिचार्ज करना होगा। जियो ने ऐसा सिर्फ इसलिए किया है कि उनका ग्राहकों को बिना फिक्र किए डाटा इस्तेमाल कर सकें और डेली हाई स्पीड से इंटरनेट इस्तेमाल कर सकें।

भारत में अमीरी का नया आंकड़ा, 9 अमीरों के पास 50 प्रतिशत लोगों से ज्यादा संपत्ति

नई दिल्ली। अमीर दिन प्रति दिन अमीर होता जा रहा है', इस बात को हमने अक्सर सुना है लेकिन एक रिपोर्ट की मानें तो ये सच साबित होती दिख रही है. एक रिपोर्ट में सामने आया है कि भारत में मौजूद करोड़पतियों की संपत्ति में 2018 में प्रति दिन करीब 2200 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है. देश की जनसंख्या के कुल 1 फीसदी लोगों की संपत्ति बीते साल 39 फीसदी के अनुसार बढ़ी है.

भारत की करीब आधी आबादी की आर्थिक ग्रोथ बीते साल काफी कम गति से आगे बढ़ी. 50 फीसदी से अधिक लोगों की संपत्ति में तीन फीसदी के हिसाब से इजाफा हुआ. वहीं अगर वैश्विक तौर पर देखें तो दुनिया के करोड़पतियों की संपत्ति में प्रति दिन 12 फीसदी के हिसाब से बढ़ोतरी हुई.

टैक्स में छूट के लिए इनवेस्टमेंट में न दिखाएं जल्दबाजी

नई दिल्ली। वित्तीय वर्ष के आखिरी महीनों के आते ही सभी वेतनभोगी टैक्स बचाने के लिए नए निवेश की जुगत में लग जाते हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि नए निवेश को लेकर जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। अगर आप सिर्फ टैक्स बचाने की आपाधापी में कोई भी योजना चुनते हैं इससे आपकी गाढ़ी कमाई फंस सकती है। ऐसे में सबसे पहले आकलन करें कि आप कितनी बचत आप कुल आय में कर सकते हैं। आप कितनी अवधि तक निवेश चाहते हैं और लक्ष्य क्या है। अंत में यह तय करें कि सुरक्षित निवेश के तहत परंपरागत स्कीम या बाजार में जोखिम से जुड़ी योजना में निवेश चाहते हैं।

22 जनवरी को एक दूसरे से सिर्फ 2 डिग्री की दूरी पर नजर आएंगे शुक्र और बृहस्पति

शुक्र जिसे अंग्रेजी में वीनस यानि सुंदरता की देवी कहा जाता है। ज्योतिष में इसे स्त्री ग्रह भी माना जाता है। यह वृषभ व तुला राशियों

के स्वामी हैं और इन्हें दैत्यगुरु भी माना जाता है। यह 22 जनवरी मंगलवार को तड़के देवताओं के गुरु और सौरमंडल के सबसे विशाल ग्रह बृहस्पति के साथ अनोखे संयोग में नजर आएंगे। दूसरे शब्दों में कहें तो देव और दैत्य गुरु का यह दुर्लभ संयोग होगा। यह साल 2019 की एक अन्य खगोलीय घटनाओं में से एक होगी। 22 जनवरी की भोर में आसमान में एक दूसरे के बेहद करीब होंगे। खगोलशास्त्रियों के मुताबिक यह दोनों ग्रह एक दूसरे से सिर्फ 2 डिग्री की दूरी पर नजर आएंगे। इससे एक दिन पहले ही यानी 21 जनवरी को दुनिया के कुछ हिस्सों में पूर्ण चंद्र ग्रहण का नजारा देखने को मिलेगा। सिर्फ इतना ही नहीं 30 जनवरी की भोर में भी एक और और संयोग के साथ लोगों की आंखें खुलेंगी।

इसमें शुक्र और बृहस्पति के साथ चंद्रमा भी करीब आ जाएगा। 31 जनवरी की रात तक यह तीनों आकाशीय पिंड एक साथ आ जाएंगे। चंद्रमा की शुक्र ग्रह से दूरी 2 डिग्री नजर आएगी।

सोफिया हयात ने किए रोहित शर्मा को लेकर बड़े खुलासे-मेरे साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहते थे रोहित शर्मा

नई दिल्ली। मॉडल और एक्ट्रेस सोफिया हयात ने टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोफिया हयात अपनी जिंदगी पर एक किताब लिख रही हैं जिसमें उन्होंने रोहित शर्मा से अपने रिश्ते के बारे में लिखने की बात कही है। एक वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में उन्होंने दावा किया है कि रोहित शर्मा के

साथ वह रिलेशनशिप में थी। उन्होंने बताया कि रोहित शर्मा उन पर फिटा थे और दोनों एकदूसरे के काफी करीब थे। सोफिया ने तो रोहित शर्मा के साथ लिवइन रिलेशनशिप में रहने की बात भी कही है। गौरतलब है कि रोहित ने साल 2015 में रितिका सजदेह से शादी की थी और इन दोनों की हाल ही मे एक बेटी हुई है। इन दोनों ने जिसका नाम समायरा रखा है। पहली बार की मुलाकात में ही रोहित शर्मा ने किया था मुझे किस' रोहित शर्मा के साथ अपने संबंधों के बारे में बात करते हुए सोफिया हयात ने दावा किया है कि जब दोनों पहली बार लंदन के एक क्लब में मिले थे तो रोहित शर्मा ने उन्हें किस कर लिया था।

टीम इंडिया के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती ऑस्ट्रेलिया से कहीं ज्यादा कठिन होगी

नेपियर। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में पहले टेस्ट सीरीज और फिर वनडे सीरीज में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद काफी उत्साह के साथ न्यूजीलैंड दौरे की तैयारी कर रही है. टीम इंडिया को न्यूजीलैंड में 23 जनवरी से पांच मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है. टीम इंडिया के लिए न्यूजीलैंड का यह दौरा आसान नहीं होने वाला है. कम से कम इतना तो तय है कि टीम इंडिया को न्यूजीलैंड में ऑस्ट्रेलिया से कहीं ज्यादा और कड़ी चुनौती मिलेगी.

टीम इंडिया के ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत के काफी समय पहले से ही यह कहा जाने लगा था कि मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत से काफी कमजोर है. सभी का ध्यान इसी बात पर था कि टीम के दो दिग्गज खिलाड़ी स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर के बिना कितनी कमजोर हो जाएगी. बॉल टेमपरिंग विवाद के कारण स्मिथ और वार्नर एक साल का प्रतिबंध झेल रहे हैं जिसकी वजह से वे भारत के खिलाफ नहीं खेल सके. दिग्गजों की यह आशंका काफी हद तक सही भी साबित हुई और टीम इंडिया ने कड़ी टक्कर मिलने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट सीरीज में हराया और उसके बाद वनडे सीरीज अपने नाम करने में उसे ज्यादा दिक्कत नहीं हुई.

पीएनबी स्कैम : मेहुल चौकसी ने छोड़ी भारत की नागरिकता

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक का साढ़े तेरह हजार करोड़ रुपए

का घोटाला करके भारत से भाग चुका कारोबारी मेहुल चौकसी ने भारत की नागरिकता छोड़ दी है. इसके साथ ही मेहुल चौकसी के भारत प्रत्यपर्ण की कोशशों को झटका लगा है. मेहुल चौकसी ने एंटीगा हाईकमीशन में भारतीय पासपोर्ट को जमा करा दिया है. पासपोर्ट नंबर जेड 3396732 कैसिल्ड बुक्स के साथ जमा कराया गया है. नागरिकता छोड़ने के लिए 177 यूएस डालर का ड्राफ्ट भी जमा कराया है. अब देखना होगा कि मेहुल चौकसी के प्रत्यर्पण के लिए भारत सरकार कौन सा रास्ता अख्तियार करती है.

डीन जोंस : विराट की टीम इंडिया वैसे ही 'डराती' है, जैसा 1980 के दशक में वेस्टइंडीज डराता था

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रचने वाली 'विराट कोहली एंड कंपनी' अब विरोधी टीमों को डराने भी लगी है. यह स्वीकारोक्ति किसी और ने नहीं, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर डीन जोंस ने की है. डीन जोंस ने कहा कि भारत की मौजूदा टीम किसी भी टीम के खिलाफ कहीं भी मैच जीत सकती है. भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में 71 साल में पहली बार टेस्ट सीरीज में हराया है. इतना ही नहीं, उसने ऑस्ट्रेलिया में पहली बार द्विपक्षीय वनडे सीरीज भी जीती.

57 साल के डीन जोंस एक अंग्रेजी अखबार के लिए लिखते हैं, 'भारत की मौजूदा टीम बिलकुल वैसी ही है, जैसी 1980-90 के दशक की वेस्टइंडीज की टीम थी. वे अपने प्रदर्शन में निरंतरता कायम रखत सकते हैं और किसी भी टीम को उसके घर में हराने का माद्दा रखते हैं. वेस्टइंडीज ने अपनी इस क्षमता के दम पर एक तरह का 'डर का माहौल' बना लिया था, और अब भारतीय टीम भी कुछ उसी स्थिति में है.'

आज का राशिफल

मेषः आज चतुर्थ सुख भाव में चन्द्रमा का प्रबल योग बन रहा है। शाम 5 बजे तक कोई खास डील फाईनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है।

वृषभः आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है।

मिथुनः आज का दिन काफी रचनात्मक है। आप किसी रचनात्मक काम को पूरा करने में आपना पूरा दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे प्रिय है, आज वहीं करने को मिलेगा। इससे आपको रिलेक्स महसूस होगा।

कर्कः आज का दिन काफी सृजनात्मक है। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

सिंहः आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। आपके लिए बेहतर होगा कि अपने व्यस्त पलों में से थोड़ा समय पढ़ने-लिखने के लिए निकाल लें। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रूकावट डालने की कोशिश करेंगे, सतर्क रहें।

कन्याः आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए, इस बात का ध्यान रखें। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें।

तुलाः आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। आज नए प्रोजेक्ट पर कुछ काम शुरू हो सकता है।

वृश्चिकः आर्थिक रूप से आज का दिन काफी मजबूत रहेगा। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, अतः प्रय शील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं।

धनुः आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाने से बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में भी हाथ आजमाएं।

मकरः आज का दिन सामान्य है। साझेदारी में किया गया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

कुंभः आज अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरते। खान पान में भी लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा।

मीनः आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है।

ऐसे बनाइए पनीर भुर्जी

पनीर मसाला, मलाई पनीर या फिर पनीर की ग्रेवी वाली सब्जी तो बनाना आता होगा. आज बनाना सीखिए पनीर भुर्जी. यह झटपट बन जाएगी और स्वाद भी मजेदार लगेगा.

एक नज़र

रेसिपी क्विजीन : इंडियन
कितने लोगों के लिए : 1 - 2
समय : 5 से 15 मिनट
मील टाइप : वेज
आवश्यक सामग्री
पनीर 200 ग्राम
जीरा 1/4 छोटा चम्मच
हरी मिर्च 2 बारीक काट लें
प्याज एक बारीक काट लें
तेल 1 बड़ा चम्मच
लहसुन की कलियां 3-4 काट लें हल्दी एक चौथाई छोटा चम्मच
स्वादानुसार नमक
धनियापत्ती
मैगी मसाला 1 छोटा चम्मच
एक पैन/

विधि- - मीडियम आंच पर पैन रखें.

- जब यह गर्म हो जाए तो इसमें तेल डालें.

- तेल गर्म होने के बाद इसमें जीरा डालकर तड़काएं.

- जीरा तड़कने के बाद इसमें मिर्च, लहसुन, प्याज डालकर 3-4 मिनट तक चलाते हुए भूनें.

- अब इसमें पनीर को मैश करके डालें. चलाते हुए पकाएं.

- फिर भुर्जी में नमक, मैगी मसाला और हल्दी डालकर 4-5 मिनट तक और पकाएं.

- आंच बंद करके ऊपर से धनियापत्ती डाल दें.

- तैयार है पनीर भुर्जी.

शब्द सामर्थ्य-55

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 54 का हल

खा	म	खां	■	■	इं	■	■	■
स	ह	■	ब	र	सा	त	■	प
■	क	हा	नी	■	न	क	च	ढ़ा
त	■	■	स्व	■	■	ली	■	ई
क	या	म	त	■	क	फ	न	■
दी	■	र्दा	■	बा	बू	■	ह	वा
र	ह	ना	■	ल	त	खो	र	■
■	वा	■	नौ	क	र	■	■	सा
भा	ई	■	का	■	■	बा	द	ल

सू-दोकू-55

	9		1	6		2		7
3								
		6					9	
7			5		1		3	
	8			9		6		2
		4					7	
	3				2	9		6
6		7	3					4
	4			1		7	8	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.54का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5